भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.07.2024

# आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के महाप्रबंधक का दौरा

चितरंजन लोकोमोटिब वर्क्स के महाप्रबंधक श्री हितेन्द्र मल्होत्रा ने दिनांक–04.07.2024 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया। मल्होत्रा ने आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ कोच उत्पादन एवं फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण तकनीक पर चर्चा की।

मल्होत्रा ने आरेडिका के विभिन्न शॉपों में हो रहे कोचों के निर्माण कार्य को देखा शेलशॉप में रोबोटिक मशीनों द्वारा हो रही बेल्डिंग एवं कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया। इसके उपरान्त व्हीलशॉप एव फर्निशिंग शॉप को निरीक्षण किया। फर्निशिंग शॉप में पावर कार में लगने वाले डीजी सेट द्वारा कोचों को सप्लाई की जाने वाली विद्युत व्यवस्था एवं फायर सेफ्टी संयंत्रों का बारीकी के साथ निरीक्षण किया।

श्री मल्होत्रा ने फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार एवं व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी। रेल व्हीलों की गुणवत्ता संबंधित मानकों पर आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीईई हरीश चन्द्र व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी श्री सदानन्द सरकार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

04/7/2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी